फाइल सं. पी-11015/1/2022-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति योजना प्रकोष्ठ)

**नई दिल्ली** 16 **जून, 2022**

विषयः मई, 2022 माह में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या-5)

मई 2022 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

**1. 8 वर्षों में सरकार की पहल और उपलब्धियों पर अभियान**

इस मंत्रालय ने *'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण'* के 8 साल पूरे होने पर व्यापक प्रचार अभियान शुरू किया ।

1.1 लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी) ने 30.05.2022 से ***'8 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण'*** थीम पर एक मल्टीमीडिया अभियान शुरू किया, जिसमें आउटडोर क्रिएटिव्स को भारत सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, रेलवे, हवाई अड्डों, डाकघरों आदि के साथ साझा किया गया है जिसमें लगभग 2.8 लाख कार्यालय / परिसर शामिल किए गए और इसे सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी साझा किया गया। हिंदी / अंग्रेजी **पॉकेट बुकलेट, लॉन्ग बुक और डॉकेट** पूरे देश में क्षेत्रीय / फील्ड आउटरीच ब्यूरो (आरओबी / एफओबी) के माध्यम से मुद्रित और वितरित किए गए थे और उनकी ई-बुक और फ्लिप बुक MyGov और सरकारी वेबसाइटों के माध्यम से प्रदर्शित की गई। ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के मई 2022 के पाक्षिक संस्करण में *"भारत के आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम"* और ***"पिछले आठ वर्षों में 700 से अधिक पहलों के माध्यम से समग्र विकास"*** नामक कवर स्टोरीज को बीओसी द्वारा 13 भाषाओं में मुद्रित और देश भर में वितरित किया गया। MyGov India के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एनआईएस के ई-संस्करण, 70.7 मिलियन से अधिक पाठकों को ईमेल के माध्यम से भेजे गए थे।

1.2 डीडी न्यूज और डीडी इंडिया ने narendramodi.in और नमो ऐप पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा साझा की गई **सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 8 वर्षों की प्रमुख विशेषताओं** को लाइव कवरेज प्रदान किया । **स्पॉटलाइट** कार्यक्रम में एनडीए सरकार के 8 वर्षों पर एक **विशेष श्रृंखला और मुख्य समाचार बुलेटिनों में विशेष समाचार कैप्सूल** 30.05.2022 से एनएसडी:एआईआर द्वारा प्रसारित किए गए हैं।

2. इस मंत्रालय ने **प्रधानमंत्री की मन की बात पुस्तिका का तीसरा संस्करण** अर्थात अप्रैल, 2022 संस्करण विकसित किया है जिसे ई-संपर्क प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया है और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, PM India और मंत्रालय की मीडिया इकाइयों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया है। इस पुस्तिका को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 22.05.2022 को ट्विटर पर भी

साझा किया गया है। यह पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों और भारत सरकार के सभी सचिवों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों को भी वितरित की गई है।

3. **कांस फिल्म समारोह में भारत की भागीदारी**

17 से 28 मई, 2022 तक फ्रांस में आयोजित कांस फिल्म महोत्सव के **75वें संस्करण के** साथ आयोजित कांस फिल्म मार्केट (मार्चे डू फिल्म) में भारत को **फर्स्ट ऑफिशियल कन्ट्री ऑफ ऑनर के** रूप में चुना गया था। **'कांस नेक्स्ट'**, जिसके तहत 5 नए स्टार्ट अप्स को ऑडियो-विज़ुअल इंडस्ट्री को पिच करने का मौका दिया जाएगा, में भी भारत कंट्री ऑफ ऑनर है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 16.05.2022 को एक लिखित संदेश के माध्यम से कांस फिल्म समारोह की शानदार सफलता की कामना की।

3.1 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुरने अब तक के सबसे बड़े **भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया जिसमें ये ग्यारह हस्तियां** शामिल थीं - लोक गायक श्री मामे खान, प्रसिद्ध निर्देशक श्री. शेखर कपूर, अभिनेत्री सुश्री पूजा हेगड़े, अभिनेता श्री. नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी, अभिनेत्री सुश्री तमन्ना भाटिया, अभिनेता/निर्देशक/निर्माता श्री. आर माधवन, प्रमुख गायक और संगीतकार श्री एआर रहमान, अध्यक्ष सीबीएफसी और प्रसिद्ध गीतकार श्री प्रसून जोशी, निर्माता और सदस्य सीबीएफसी सुश्री वाणी त्रिपाठी और दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता और संगीतकार श्री रिकी केज। इन्होने 17.05.2022 को कांस फिल्म मार्केट में उद्घाटन समारोह में रेड कार्पेट पर उपस्थिति दर्ज कराई।

3.2 भारत के साथ विदेशी फिल्मों की शूटिंग और विदेशी सह-निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए **दो योजनाएं अर्थात *'ऑडियो-विज़ुअल को-प्रोडक्शन के लिए प्रोत्साहन योजना'*** और ***'भारत में विदेशी फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रोत्साहन योजना'*** तथा **53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के पोस्टर का अनावरण** 18.05.2022 को **भारतीय पवेलियन** के उद्घाटन के अवसर पर किया गया।

**3.3** 19.05.2022 को**,** माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुरने कांस में पैले डेस फेस्टिवल्स में **इंडिया फोरम** को संबोधित किया और कांस में बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बांग्लादेश के माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री डॉ. हसन महमूद के साथ संयुक्त रूप से फेस्टिवल डे कांस में भारत और बांग्लादेश के बीच संयुक्त प्रोडक्शन फिल्म **'मुजीब - द मेकिंग ऑफ नेशन'** का ट्रेलर जारी किया।

3.4 माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने 22.05.2022 को **'कांस नेक्स्ट'** में प्रतिभागियों को संबोधित किया और 23.05.2022 को इंडिया पवेलियन में एक गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया।

3.5 डीडी इंडिया ने ग्राउंड जीरो से लाइव रिपोर्ट दी और एक **विशेष कार्यक्रम श्रृंखला 'इंडिया एट कांस'** का प्रसारण डीडी इंडिया और डीडी न्यूज पर प्रतिदिन किया गया।

4. वृत्तचित्र, लघु कथा और एनिमेशन फिल्मों के लिए **17वें मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) का आयोजन 29** मई से 4 जून, 2022 तक मुंबई में फिल्म प्रभाग, सूचना

और प्रसारण मंत्रालय द्वारा हाइब्रिड फॉर्मेट में किया गया था। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में इसे 'कंट्री ऑफ फोकस' बनाया गया।

4.1 भारत के **माननीय राष्ट्रपति और भारत** के **माननीय उपराष्ट्रपति ने** एमआईएफएफ 2022 को **लिखित संदेशों के माध्यम से बधाई** दी । **माननीय प्रधानमंत्री ने** 29.05.2022 को ***मन की बात*** में भारत और जापान द्वारा सह-निर्मित पहली एनीमेशन फिल्म ***"रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम"*** के बारे में बात की, जिसने एमआईएफएफ 2022 में एक विशेष स्क्रीनिंग करके अपने पहले लॉन्च के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाया।

4.2 माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री. पीयूष गोयल ने सात दिवसीय महोत्सव का **उद्घाटन** माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और फिल्म हस्तियों की उपस्थिति में किया। माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रतिष्ठित डॉ. वी शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रख्यात वृत्तचित्र फिल्म निर्माता और लेखक श्री संजीत नार्वेकर को प्रदान किया गया।

4.3 'इंडिया@75' थीम पर सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए एक विशेष पुरस्कार शुरू किया गया। एमआईएफएफ में पहली बार बच्चों को दो एनिमेशन फिल्मों के लिए फ्री एंट्री दी गई। महोत्सव में **12000 से अधिक लोगों** ने भाग लिया और कुल **385 फिल्मों** का प्रदर्शन किया गया।

## 5. आजादी का अमृत महोत्सव: भारत की आजादी के 75 साल

*'जन भागीदारी और जन आंदोलन'* की भावना के तहत आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) मनाने के लिए कई पहलें की गईं।

5.1 **सत्यजीत रे की जन्म शताब्दी के** उपलक्ष्य में, भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय (एनएमआईसी), मुंबई ने 2 से 4 मई, 2022 तक नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और बेंगलुरु में बड़े पर्दे पर **तीन दिवसीय फिल्म समारोह** का निःशुल्क आयोजन किया, जिसमें 5000+ लोगों ने 15 फिल्म स्क्रीनिंग में भाग लिया। इसी तरह, एनएफडीसी चेन्नई और भारत के राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार, पुणे द्वारा भी 3 सत्यजीत रे फिल्म समारोह आयोजित किए गए थे।

5.2 भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के **अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2022** के काउन्टडाउन के रूप में, सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयों और उनके क्षेत्रीय/शाखा/फील्ड कार्यालयों ने 13 मई, 2022 के निर्धारित दिन पर अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के लाभार्थ योग कार्यशाला/प्रदर्शनों और संगोष्ठी/प्रतियोगिता/प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। मुख्य सचिवालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय मीडिया केंद्र, नई दिल्ली में योग प्रदर्शन का आयोजन किया गया। बीओसी और उसके आरओबी/एफओबी ने 57 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी), 02 प्रदर्शनियां, 06 वेबिनार, 41 योग सत्र और 29 क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित किए।

5.3 भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) ने फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ) के सहयोग से आजादी *का अमृत महोत्सव* में 4 से 6 मई, 2022 तक तीन दिवसीय **आईआईएमसी फिल्म महोत्सव '22** और **राष्ट्रीय लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता** का आयोजन किया जिसमें प्रख्यात अभिनेत्री पद्म भूषण श्रीमती शर्मिला टैगोर ने विभिन्न अभिनेताओं, निर्माताओं, निर्देशकों, स्क्रीन राइटर, फिल्म निर्माता, छायाकार आदि के साथ भाग लिया।

5.4 बीओसी देश भर के **व्हाट्सएप ग्रुप्स पर इन्फोग्राफिक श्रृंखला संचालित कर रहा है।** इस माह के दौरान, **27 विस्मृत वीरों को** इस इन्फोग्राफिक श्रृंखला के माध्यम से याद किया गया, जिससे **कुल मिलाकर अब तक 281 विस्मृत वीरों का स्मरण किया गया।** बीओसी के आरओबी/एफओबी ने माह के दौरान इस थीम पर **09 आईसीओपी, 02 प्रदर्शनियां** और **18 फील्ड कार्यक्रम** आयोजित किए।

6. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री ने 05.05.2022 को पुणे में भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) की समीक्षा की और घोषणा की कि राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन(एनएफएचएम) के तहत **दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म रिस्टोरेशन परियोजना** में मंत्रालय द्वारा 4 मई 2022 को 363 करोड़ रूपए का बजट प्रदान किया गया है ताकि 2200 फिल्मों को रिस्टोर किया जा सके। यह भी घोषणा की गई कि एनएफएआई ने 10 प्रतिष्ठित सत्यजीत रे फिल्मों का रिस्टोरेशन शुरू किया है, जिन्हें बाद में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित किया जाएगा।

7. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा 3 से 4 मई, 2022 तक मुंबई में आयोजित **'भारतीय सिनेमा और सॉफ्ट पावर' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी** का उद्घाटन महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक श्री शेखर कपूर द्वारा किया गया। दिनांक 04.05.2022 को माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वीडियो संदेश के माध्यम से समापन सत्र को संबोधित किया। माननीय मंत्री ने भारत की विश्व के कंटेट सबकॉन्टिनेंट बनने की क्षमता पर बल दिया और भारतीय फिल्मों को वैश्विक दर्शकों तक ले जाने के तरीकों पर चर्चा की।

8. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिनांक 25.05.2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **17वें एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।** माननीय मंत्री ने कोविड -19 के संबंध में लोगों को शिक्षित करने के लिए भारतीय मीडिया की सराहना की और कहा कि मीडिया, सशक्तिकरण के एक प्रभावी माध्यम के रूप में सही लोगों की सोच और दृष्टिकोणों को दिशा प्रदान करने की अपार क्षमता रखती है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट के माध्यम से वास्तविक समय में भ्रामक समाचारों के दुष्प्रभाव को निरस्त किया। सही जानकारी की आवश्यकता और सूचना का मुक्त प्रवाह एक दूसरे पर निर्भर करते हैं।

**9. नोवेल कोरोनावायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता अभियान के संबंध में सूचना** और **प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय कोविड-19 महामारी के दौरान 'जन आंदोलन' जागरूकता पर बल देते हुए जागरूकता उत्पन्न करने में अग्रणी रहा है।

9.1 दूरदर्शन (डीडी), ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने निम्नलिखित घटनाओं को **व्यापक रूप से कवर किया :**

i. माननीय प्रधान मंत्री की **दूसरे वैश्विक कोविड वर्चुअल शिखर सम्मेलन** में भागीदारी और दिनांक 12.05.2022 को इसके उद्घाटन सत्र में उनका वक्तव्य; तथा

**ii.** 30.05.2022 को **पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम** के तहत लाभ जारी करना, जिसमें कोरोना के कारण अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चे भी शामिल हैं।

9.2 **डीडी न्यूज, आकाशवाणी** के **समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी)** और उनकी क्षेत्रीय समाचार यूनिटों (आरएनयू) के माध्यम से लोक प्रसारक **प्रसार भारती** ने कोविड -19 टीकाकरण अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए व्यापक अभियान चलाया। डीडी न्यूज ने एक विशेष कार्यक्रम 'कोविड के खिलाफ भारत की मजबूत जंग' और **'आरोग्य भारत'** एवं **'टोटल हेल्थ'** कार्यक्रमों का प्रसारण किया, जिसमें विशेषज्ञों के पैनल द्वारा टीकाकरण के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। प्राइम टाइम न्यूज शो **'न्यूज नाइट'**, **'मिड-डे प्राइम'** ने भी लाइव **ग्राउंड रिपोर्ट** के साथ टीकाकरण पर चर्चा की। एनएसडी:आकाशवाणी भारत सरकार के कोविड-19 प्रबंधन उपायों/टीकाकरण पर अद्यतित सूचनाओं का प्रसारण किया।

9.3 बीओसी के क्षेत्रीय/फील्ड आउटरीच ब्यूरो (आरओबी/एफओबी) ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से कोविड उपयुक्त व्यवहार, टीकाकरण**, आजादी का अमृत महोत्सव आदि विषयों पर जागरूकता का प्रसार किया, जो निम्नानुसार है :

| ट्वीट और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 31678 (192298) | 8393 | 5993 | 113378 |

10. डीडी न्यूज और डीडी इंडिया द्वारा **विशेष कार्यक्रम** जैसे **योग उत्सव, धर्मशाला में योग महोत्सव, भारत ड्रोन महोत्सव 2022, जम्मू कश्मीर का परिसीमन 2022, जन सुरक्षा के सात साल,** आदि प्रसारित किए गए। डीडी न्यूज एक विशेष दैनिक कार्यक्रम **'योग सूत्र'**, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह के प्रचार और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए शेष दिनों को दिखाने के लिए एक **स्पेशल काउंटडाउन बग** का प्रसारण कर रहा है। एनएसडी:आकाशवाणी द्वारा 01.05.2022 से एक विशेष श्रृंखला **'जम्मू कश्मीर - एक नई सुबह'** का प्रसारण किया गया।

11. डीडी न्यूज और एनएसडी:एआईआर ने भारत के माननीय राष्ट्रपति के **जमैका और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन्स का दौरा,** माननीय उप राष्ट्रपति द्वारा माननीय प्रधान मंत्री **'मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी'** के संकलन का विमोचन, **उनका गैबॉन, सेनेगल और कतर का** दौरा, माननीय प्रधानमंत्री का **जापान दौरा, क्वाड लीडर्स समिट** में भाग लेना, **इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी** का शुभारंभ, **बर्लिन, कोपेनहेगन और पेरिस का** दौरा, नेपाल का दौरा, सनातन मंदिर सांस्कृतिक केंद्र, ओंटारियो, कनाडा में उनका संबोधन; **गरीब**

**कल्याण सम्मेलन** में उनका संबोधन, **बधिर ओलंपिक** के भारतीय दल के साथ बातचीत, हैदराबाद और चेन्नई की उनकी यात्रा, **भारत ड्रोन महोत्सव 2022** का उद्घाटन, **गुजरात** दौरा आदि की **लाइव कवरेज** और **व्यापक प्रचार प्रसार किया।**

**12. मिनिमम गवर्न्मेंट मैक्सिमम गवर्नेंस पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल -**

- **डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसार भारती द्वारा प्राप्त महत्वपूर्ण उपलब्धियां: डीडी इंडिया** ने हाल ही में यूट्यूब पर 2 लाख सब्सक्राइबरों की संख्या को पार किया और पिछले आठ हफ्तों में लगभग 150 प्रतिशत की कुल वृद्धि दर्ज की है, जिससे यह देश में सर्वाधिक दर्शकों तक पहुंच वाला **नंबर 1 अंग्रेजी समाचार चैनल बन गया है।** ऑल इंडिया रेडियो न्यूज नेटवर्क ने ट्विटर हैंडल @airnewsalerts पर **3 मिलियन फॉलोअर्स** की उपलब्धि हासिल की है। देश भर में प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने कुल मिलाकर वर्तमान यूट्यूब सब्सक्राइबर बेस को 2 करोड़ से अधिक कर लिया है।

- **डिजीटल मीडिया:**
  - इस मंत्रालय ने 'दैनिक भास्कर' की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल संचालित करने वाली डीबी कॉर्प लिमिटेड को दिनांक 06.05.2022 के पत्र के माध्यम से भारतीय मानचित्र के गलत चित्रण वाले ऐसे समाचारों को अपनी वेबसाइट से हटाने के निर्देश जारी किए जो आईटी अधिनियम की धारा 69 के तहत शामिल उल्लंघनों में से हैं। प्रकाशक द्वारा माफी के साथ संबंधित समाचार को अपनी वेबसाइट से हटा दिया गया था।
  - इस मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय के लिए एक डिजिटल समाचार मंच 'न्यूज़प्लस' का संचालन कर रहे मेसर्स वीओज लैब्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एफडीआई नीति 2020 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने संबंधी मामला रिपोर्ट किया है।

- **प्रसार भारती द्वारा गुणवत्तापूर्ण सामग्री का निर्माण:** डीडी नेशनल पर पालतू जानवरों की देखभाल पर आधारित टीवी सीरीज ***'बेस्ट फ्रेंड फॉरएवर'*** ने ईएनबीए के 14वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ हिंदी सीरीज के लिए एक्सचेंज4मीडिया न्यूज ब्रॉडकास्टिंग अवार्ड्स (ईएनबीए) पुरस्कार 2021 जीता है।

- **क्षेत्रीय प्रसार के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/ मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) का उपयोग करते हुए वीडियो सामग्री का भाषा अनुकूलन**: सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके व्यापक और अधिक प्रभावी पहुंच प्राप्त करने के लिए, 5 वीडियो को कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, तेलुगु, बंगाली, मराठी, गुजराती और तमिल 8 भारतीय भाषाओं में अनुदित किया गया, जिन्हें 2 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस माह के दौरान 05 टीवी चैनलों के सरेंडर अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। दिनांक **31.05.2022** तक की स्थिति के अनुसार भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **897** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने इस माह के दौरान **छह (06) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए** और **नौ (09) जीओपीए का नवीनीकरण** किया है और **दो सीआरएस को सहायता अनुदान** जारी किया है।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **7284 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की, 2 प्रेस कॉन्फ्रेंस, 4 वार्तालाप, 12 वेबिनार आयोजित किए हैं** और योग उत्सव, कांस फिल्म महोत्सव, सामुदायिक रेडियो, नीति, सुशासन आदि के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर **17 लेख** शुरू किए।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** इस माह के दौरान **106 शिकायतों** (धारा 13 के तहत 14 और धारा 14 के तहत 92) पर कार्रवाई की गई।

- **सोशल मीडिया कवरेज :** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने इस माह के दौरान **विभिन्न विषयों पर 216 से अधिक ग्राफिक्स, वीडियो, चित्र, पोस्ट** आदि **साझा करके व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।**

  **आजादी का अमृत महोत्सव, सेवा के 8 वर्ष** और अन्य प्रमुख अभियानों का इन्फोग्राफिक्स, रील, कांस फिल्म महोत्सव, गरीब कल्याण सम्मेलन, ड्रोन महोत्सव, आदि जैसे अभियानों के लिए ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से प्रचार किया गया।

  निवारक उपायों/दिशानिर्देशों, टोल-फ्री नंबरों आदि पर केंद्रित रचनात्मक वीडियो/इन्फोग्राफिक्स (लगभग **271 ट्वीट्स)** के रूप में **समर्पित ट्विटर हैंडल @COVIDNewsByMIB** के माध्यम से कोविड-19 संदेश भी साझा किए गए।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23073775